सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 227 | इंदौर, सोमवार 02 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

जबलपुर में रफ्तार का कहर

## अलग-अलग हादसों में तीन की मौत, ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर ने छीन ली जिंदगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। जबलपुर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

कोतवाली थाना क्षेत्र के शीतलपुरी बल्देवबाग के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चला रहे सत्येंद्र विश्वकर्मा (21) निवासी शांति नगर की बाइक सड़क किनारे खड़ी कार के पीछे से टकरा गई। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम बिलखरवा निवासी विकास गौड़ (14) अपने साथी सोनी ठाकुर के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया।

पाटन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर का पहिया चढ़ जाने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक साहू मोहल्ला निवासी मनोज साहू (44) अपने परिचित सौरभ साहू के साथ मोटरसाइकिल से रंग-गुलाल खरीदने पाटन गए थे। लौटते समय बगदरी वॉटरफॉल मोड़ के पास एक ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रैक्टर का पहिया मनोज साहू के ऊपर से गुजर गया। गंभीर चोट लगने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने संबंधित ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## Headline

1. ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए नूर खान बेस पर अफगानिस्तान का हमला, मारे गए 35 पाकिस्तानी सैनिक
2. शेयर बाजार में दहशत क्यों?: पश्चिम एशिया में घमासान के बाद निवेशकों के ₹8 लाख करोड़ डूबे
3. दोहा में सुनाई दिए कई धमाके, कुवैत में बजा एयर सायरन; ईरान के हमले जारी

सुरक्षा और सौहार्द सर्वोपरि, सीएम डॉ. यादव बोले-

# गैर विवादित स्थल पर ही करें होलिका दहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्योहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्योहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, ताकि कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्योहारों के चलते विशेष निगरानी और ऐहतियात बरती जाए। पुलिस सूचना-तंत्र को और भी अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।**

मुख्यमंत्री ने आगामी सभी त्योहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की। इस उच्च स्तरीय बैठक में अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, डीजीपी कैलाश मकवाना, एडीजी इंटेलीजेंस ए. साईं मनोहर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर्स और पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर अपने-अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें।

### एसपी पुलिस मॉनीटरिंग सिस्टम को बेहतर बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक बिना किसी बाधा के अपने-अपने पर्व आनंदपूर्वक मनाएं। शासन-प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा में तत्पर होकर तैनात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के समय बेहद सतर्क रहें। हर घटना-दुर्घटना पर बारीक नजर बनाएं रखें। जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करें। समाज के अच्छे और प्रभावशाली लोगों को शांति समिति में लेकर आए। उन्होंने कहा कि सभी एसपी अपने पुलिस कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाएं। हर हाल में सुव्यवस्था बनी रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में वे प्रदेश के पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। पुलिस थानों के कार्य-व्यवहार और पब्लिक फीडबैक के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सजगता और सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था के संबंध में जो भी कार्रवाई हो, वह पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए सभी परीक्षा केंद्रों और हॉस्टल्स पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस विभाग को प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सब पुलिस की समर्पित कार्यवाही और निष्ठा से ही संभव हो सका है।

### अधिक बस किराए पर रोक लगाएं

उन्होंने कहा की पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि होलिका दहन गैर विवादित स्थलों पर ही हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि त्योहारों के चलते अधिक संख्या में यात्रियों के आवागमन के कारण बस ऑपरेटर्स द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूल करने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाएं।

### पुलिस तुरंत हालात संभाले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्योहारों के दौरान विशेष संवेदनशीलता का परिचय दिया जाना चाहिए। किसी भी जगह किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना पर पुलिस का क्विक रिस्पांस होना चाहिए। छोटी से छोटी घटना को संज्ञान में लें। शुष्क दिवस के प्रावधान का पूरी कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाओं में और अधिक कसावट लाएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी मैदानी पुलिस अधिकारियों ने त्यौहारों के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी दी। सभी ने कहा कि शांति समिति की बैठकें कर सभी से लगातार बातचीत की जा रही है।

## प्रदेश में होली के बाद बड़े प्रशासनिक बदलाव की तैयारी, बदले जाएंगे भोपाल समेत कई जिलों के कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में एसआईआर की कवायद पूरी होने के बाद अब जनगणना शुरू होनी है। इसको देखते प्रदेश सरकार जिलों में नए सिरे से अधिकारियों की तैनाती करना चाह रही है। कुछ जिलों में कलेक्टरों का कार्यकाल दो साल से अधिक हो चुका है। साथ ही कुछ जगह अधिकारियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर हटाने की चर्चा है। इससे पहले एसआईआर और विधानसभा सत्र के चलते अधिकारियों के तबादला को लेकर सरकार निर्णय नहीं ले रही थी, लेकिन अब सरकार इसे प्राथमिकता देते हुए जल्द ही जारी कर सकती है। चर्चा है कि इस माह के दूसरे सप्ताह में सरकार तबादला सूची जारी कर सकती है।

चर्चाओं के अनुसार, भोपाल, ग्वालियर, धार और शहडोल समेत कई जिलों के कलेक्टर इस फेरबदल की जद में हो सकते हैं। 2010 बैच के आईएएस अधिकारी और भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सेक्रेटरी रैंक में आ गए हैं, उनको मंत्रालय में पदस्थ किया जा सकता है। वहीं, 2011 बैच की आईएएस और ग्वालियर कलेक्टर रूचिका चौहान अगले साल सेक्रेटरी रैंक में आ जाएंगी। इसके अलावा कई कलेक्टर अपने कार्यकाल का दो साल पूरा कर चुके हैं। साथ ही कुछ को उनके परफार्मेंस के आधार पर दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है।

ये कलेक्टर हो सकते हैं इधर से उधर

जानकारी के अनुसार धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, शहडोल कलेक्टर केदार सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना, शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र चौधरी, रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल सिंह और नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को इधर से उधर किया जा सकता है। वहीं, मोहन सरकार लंबे समय से जमे अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से मिली शिकायतों के सत्यापन के बाद अधिकारियों को हटा कर उनकी जगह युवा और नए अधिकारियों को जिलों की कमान सौंप सकती है।

पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मदद मांगी

# दुबई में महाकाल के पुजारी, इंदौर के पूर्व विधायक फंसे

● संजय शुक्ला बोले- बम गिर रहे, जान को खतरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला जारी है। ईरान मिडिल ईस्ट के देशों पर हमले जारी रखे हुए है। सुबह से कतर, दुबई और अबू धाबी में मिसाइल और ड्रोन हमले हो रहे हैं।कई इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। इन सबके बीच दुबई गए इंदौर के नेता और बिजनेसमैन के साथ-साथ उज्जैन के महाकाल मंदिर के पुजारी भी फंसे हुए हैं।**





दुबई में फंसे पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने एक वीडियो जारी कर हालात की गंभीरता बताई है। वीडियो में वे अपने पीछे उठते धुएं और आग के गुबार दिखा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि शहर में लगातार बम गिर रहे हैं। यहां स्थिति सामान्य नहीं है। उनकी और अन्य भारतीयों की जान को खतरा है। शुक्ला ने बताया कि दुबई में बमों से हमले हो रहे हैं। एयरपोर्ट पर भी बम से हमला हुआ है। उनकी जान को खतरा है। पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीयों को दुबई से निकालने में मदद की जाए।

वीडियो में संजय शुक्ला कह रहे हैं कि हर घंटे बम गिर रहे हैं। ड्रोन और मिसाइल से अटैक हो रहा है। दुबई प्रशासन लगातार एडवायजरी जारी कर रहा है। स्थानीय स्तर पर सायरन और आपात संदेशों के जरिए लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। दुबई प्रशासन लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। घरों में रहने को कहा जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही सीमित की गई है। लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। लोग घबराए हुए हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दुबई में फ्लाइट कैंसिल होने से इंदौर के नेता, बिजनेसमैन और बिल्डर फंसे हुए हैं। इनमें विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, मनीष सहारा (सहारा ग्रुप), संजय अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), पिंटू छाबड़ा (सी 21), गोलू पाटनी सहित अन्य लोग शामिल हैं। दुबई में उज्जैन के मोतीबाग निवासी और महाकाल मंदिर के पुजारी विकास शर्मा भी फंसे हैं। वह पांच दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन में हिस्सा लेने दुबई गए थे। बुर्ज खलीफा क्षेत्र में ठहरे हुए थे, लेकिन ईरान ने दुबई अलग-अलग इलाकों में हमला कर दिया। उन्होंने वीडियो जारी कर मदद की गुहार लगाई है। परिवार ने बताया कि 28 फरवरी की रात वे भारत लौटने के लिए फ्लाइट में सवार हुए थे। करीब ढाई घंटे तक विमान में बैठकर उड़ान का इंतजार करते रहे, लेकिन बाद में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने हमले की सूचना देते हुए फ्लाइट निरस्त कर दी। इसके बाद दुबई, शारजाह और अबूधाबी एयरपोर्ट बंद किए जाने की घोषणा कर दी गई।

# उड़ान दूसरे दिन भी रही निरस्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच छिड़े युद्ध के कारण यूएई सहित अन्य खाड़ी देशों से हवाई कनेक्टिविटी पूरी तरह से टूट चुकी है। यूएई के सभी एयरपोर्ट बंद होने से शारजाह, दुबई और अबू धाबी की उड़ानें संचालित नहीं हो पा रही हैं। इंदौर से लगातार दूसरे दिन रविवार को शारजाह उड़ान निरस्त हुई। इससे शारजाह से आने वाले यात्रियों की फजीहत बढ़ गई। उड़ान उपलब्ध नहीं होने से उनको यूएई में ही रुकना पड़ रहा है। यूएई का एयरस्पेस बंद होने से भारत से जाने और आने वाली सभी उड़ानें निरस्त रहीं। इंदौर और प्रदेश के सैकड़ों लोग दुबई और शारजाह में फंसे हुए हैं।

# आरडीएसएस, एसएसटीडी के कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिले: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए विद्युत कंपनी की टीम गंभीरता से कार्य करें। आरडीएसएस, एसएसटीडी के नए कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिले, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो। उपभोक्ता सुविधाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ये बातें कही। रविवार दोपहर पोलोग्राउंड इंदौर स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में आयोजित मिटिंग में उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के अंतर्गत किसान हो, घरेलू हो, गैर घरेलू हो या औद्योगिक श्रेणी का उपभोक्ताओं के लिए नए कार्य हो रहे हैं, ये कार्य गुणवत्ता से हो, समय से पूर्ण किए जाए, ताकि परियोजना का उद्देश्य समय पर सफल हो। श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत जो**



ऐजेंसियों लापरवाही कर रही है, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए, अच्छा कार्य करने वाले एजेंसी को नियमानुसार अतिरिक्त कार्य दिया जा सकता है। श्री सिंह ने केपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद उनका गुणवत्ता परीक्षण एवं उनसे हो रहे फायदे की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएबीएल, एलटीएमटी लेब का सतत पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। कंपनी के प्रबंध निदेश अनूप कुमार सिंह ने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत 97 में से 87 ग्रिड का कार्य पूर्ण होकर बिजली आपूर्ति हो गई हैं, वहीं सात हजार सात सौ ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है। एलटी केबल कार्य, अंडर ग्राउंड केबल, ग्रिड रिनोवेशन व अन्य कार्य सतत पूर्ण होते जा रहे हैं। मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता एसएस करवाड़िया, श्रीमती सुषमा वैश्य, आरसी जैन, एससी वर्मा, निर्मल शर्मा, शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे, इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बिजली कंपनी की जनता से अपील

# बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर के पास ना करें होलिका दहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होलिका दहन के पर्व को लेकर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उत्सव समितियों के साथ ही आम जनता से अपील की है कि होलिका दहन बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, पोल से दूर करें। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे होलिका दहन उत्सव के दौरान ग्रिड, पोल, ट्रांसफार्मर, केबल, तार आदि से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।**

अधिकारियों का कहना है कि बिजली संसाधन के करीब होलिका दहन से विद्युत आपूर्तित प्रभावित होने, विद्युत हादसे व अन्य परेशानी का अंदेशा बना रहता है। उत्सव, उमंग, भक्ति के इस पर्व में सुरक्षात्मक माहौल में होलिका दहन करने का अनुरोध कंपनी ने किया है। कंपनी ने विद्युत तार, ट्रांसफार्मर, पोल के पास गीला रंग नहीं उड़ाने की भी अपील की है। इधर, बताया जा रहा है कि गेर मार्ग पर भी बिजली के तारों, कैबलों को लेकर काम किया जा रहा है। जो तार और केबल लटके हुए हैं उन्हें सुधारा जा रहा है, ताकि गेर निकलने के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। बता दें कि शनिवार को ही कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ गेर मार्ग का दौरा किया था। जिसमें कई सुधार के काम करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

# होली पर चलेगी 1100 बसें, बस संचालकों ने लिया फैसला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में नई परिवहन नीति को लेकर प्रस्तावित 2 मार्च की अनिश्चितकालीन बस हड़ताल फिलहाल टल गई। निजी बस संचालकों ने सरकार के साथ हुई सकारात्मक चर्चा और मांगों पर सहमति बनने के बाद हड़ताल टाल दी। इससे इंदौर से संचालित होने वाली 1100 बसों की पहिये होली पर नहीं थमेंगे। इन बसों से 40 हजार से अधिक यात्री प्रतिदिन सफर करते है, जो आसपास के कस्बों और जिलों तक जाते है। इनको होली पर परेशानी नहीं उठाना होगी।

नई परिवहन नीति पर संशोधन और वर्तमान व्यवस्था यथावत रखने के आश्वासन के बाद निजी बस संचालकों ने बसों की हड़ताल टाल दी। प्राइम रूट बस ओनर्स एसोसिएशन सहित प्रदेश के विभिन्न मोटर मालिक संगठनों ने पहले नई परिवहन व्यवस्था का विरोध करते हुए बस संचालन बंद करने की घोषणा की थी। संगठनों का आरोप था कि राज्य परिवहन उपक्रम के नाम से सात कंपनियां बनाकर वर्तमान बस परमिट निरस्त करने और पीपीपी मॉडल के तहत नए परमिट देने की तैयारी की जा रही है। साथ ही टेंडर फीस और अन्य शर्तों को लेकर भी बस मालिकों में असंतोष था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिवहन अधिकारियों और बस संचालकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इसमें 24 दिसंबर 2025 को प्रकाशित राजपत्र को फिलहाल होल्ड करने, फिटनेस सेंटर उपलब्ध न होने पर मैन्युअल फिटनेस की अनुमति देने, टैक्स और नामांतरण से जुड़े मुद्दों पर संशोधन करने तथा वर्तमान बस संचालन व्यवस्था को यथावत रखने पर सहमति बनी।

## आईएसए क्रिकेट लीग चौथे संस्करण का सफल समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। सॉफ्टवेयर एसोसिएशन (ISA) द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग के चौथे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान आईटी समुदाय की एकजुटता और ऊर्जा देखने लायक रही। पांचवें एवं अंतिम दिन रोमांच अपने चरम पर था, जहाँ 4 क्वार्टर फाइनल मैच, 2 सेमीफाइनल मैच और उसके बाद फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच में TCS और Best Peer के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए TCS विजेता रही तथा Best Peer उपविजेता बनी। सभी टीमों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया और खिलाड़ियों का उत्साह पूरे टूर्नामेंट के दौरान चरम पर रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पुष्यमित्र भार्गव उपस्थित रहे। प्रायोजकों की ओर से बबलू जैन, आदित्य व्यास एवं अमित तिलवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन की ओर से सचिन साबू एवं स्वप्निल बंसल ने सभी टीमों, प्रायोजकों, अतिथियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

महू में मेजर की कार का तांडव

# 5 गाड़ियों को रौंदा, कई लोग घायल, भीड़ ने धोया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**महू।** महू में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सेना के एक मेजर ने अपनी तेज रफ्तार कार से एक के बाद एक पांच वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना इंदौर-महू मार्ग पर स्थित किशनगंज रेलवे ब्रिज के नीचे सुबह लगभग 8 बजे घटित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति इतनी अधिक थी कि टक्कर लगने के बाद कुछ मोटरसाइकिलें सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गईं। इस भीषण भिड़ंत में कुल चार लोग घायल हुए हैं जिन्हें स्थानीय निवासियों की मदद से तुरंत महू के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद बंटी नामक युवक ने बताया कि मेजर की कार इंदौर की दिशा से महू की ओर आ रही थी



जबकि घायल वाहन चालक ब्रिज की ओर चढ़ रहे थे। चालक की लापरवाही और अनियंत्रित गति के कारण कार ने सामने से आ रहे वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना से आक्रोशित एक महिला ने कार चालक मेजर की चप्पल से पिटाई कर दी और देखते ही देखते वहां मौजूद अन्य लोगों ने भी मेजर के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए कार चालक को अपनी हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि कार चलाने वाला व्यक्ति महू की आर्मी यूनिट में मेजर के पद पर तैनात है। फिलहाल पुलिस अधिकारी उसके पहचान पत्रों और संबंधित दस्तावेजों की सघन जांच कर रहे हैं। हालांकि पुलिस का यह भी कहना है कि अभी तक घायल पक्ष की ओर से किसी ने भी औपचारिक रूप से केस दर्ज नहीं कराया है। इस सड़क हादसे के कारण इंदौर-महू मार्ग पर लगभग 15 मिनट तक आवाजाही पूरी तरह बाधित रही और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन और अन्य संसाधनों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर किनारे किया जिसके बाद यातायात को पुनः सुचारु रूप से शुरू किया जा सका। पुलिस अब घायलों के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

एक और वीडियो आया सामने...

# सड़क और परिसर में स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर मरीज को ले जा रहे परिजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। MYH से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है। वीडियो में दो घटनाक्रम हैं। इसमें परिजन स्ट्रेचर पर मरीज को अस्पताल परिसर में ले जा रहे हैं। इसी में एक और मरीज के परिजन उसे व्हीलचेयर पर ले जा रहे हैं। खास बात यह है कि स्ट्रेचर और व्हीलचेयर दोनों ही सरकारी अस्पताल के नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दो महिलाएं सड़क पर स्ट्रेचर पर मरीज को ले जा रही थीं। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं हुई है।**

अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अशोक यादव ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। यह वीडियो शनिवार का है, इसमें स्ट्रेचर पर जो मरीज है उसे परिजन ओपीडी से कैजुअल्टी की ओर ले आ रहे हैं। यह देखते ही अस्पताल का वार्ड बॉय वहां पहुंचा और फिर उसे खुद अंदर लाया। दूसरा वीडियो जो व्हीलचेयर का है उसे किसी एम्बुलेंस ने गेट के पास छोड़ तो परिजन उसे कैजुअल्टी तक ले आए थे। इसके बाद अस्पताल स्टाफ ने उसे भी अस्पताल में लिया। इससे पहले 13 दिन पहले ही एमवायएच में एक वीडियो वायरल हुआ था।



इसमें दो महिलाएं एक मरीज को पहिए वाले स्ट्रेचर पर लेकर सड़क पार करती नजर आ रही थीं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा था कि दोनों महिलाएं, जो संभवतः मरीज की परिजन हैं, भरे ट्रैफिक के बीच शासकीय डेंटल कॉलेज के सामने से गुजरती हुई एमवाय अस्पताल की ओर बढ़ रहीं थीं। अस्पताल का मुख्य गेट बंद होने के कारण उन्हें मरीज को स्ट्रेचर पर ही धकेलते हुए अगले गेट तक जाना पड़ रहा था। यह पूरी घटना करीब 1 मिनट 21 सेकंड के वीडियो में कैद रही। इस वीडियो ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इंदौर निवासी संदीप मीणा द्वारा (इंदौर अपडेट) पेज पर अपलोड किया गया था।

# मलबे में दबने से मजूदर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। तीसरी मंजिल पर टॉवर तोड़ रहे एक मजदूर पर अचानक छत का हिस्सा गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।**

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान हरिओम (45) पुत्र मोहनसिंह, निवासी कुलकर्णी का भट्टा के रूप में हुई है। घटना बड़ी भमोरी इलाके की है, जहां वह अपने साथियों के साथ मकान के ऊपरी हिस्से को तोड़ने का काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हरिओम तीसरी मंजिल पर बने टॉवर को तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक छत का हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और वह मलबे में दब गया। साथियों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और ठेकेदार महेश की मदद से अस्पताल पहुंचाया। घायल अवस्था में हरिओम को एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हरिओम अपने दो भाइयों के साथ मकान निर्माण कार्य से जुड़ा था। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। विजयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। विजयनगर पुलिस के मुताबिक जांच के बाद लापरवाही को लेकर कारवाई की जाएगी।

# परमिशन मिलते ही मालवीय नगर तक चलेगी मेट्रो रेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहरी क्षेत्र में मेट्रो के संचालन की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की जूनियर टीम निरीक्षण कर चुकी है। टीम द्वारा बताई गई कमियों को दूर कर सीएमआरएस के फाइनल निरीक्षण की तैयारी की जा रही है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने स्थलीय निरीक्षण किया।**

सीएमआरएस की स्वीकृति मिलते ही सुपर कारिडोर-2 से मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो का संचालन शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। मेट्रो के प्रबंध



संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने दो दिवसीय स्थलीय निरीक्षण कर परियोजनाओं की प्रगति और संचालन की तैयारी को परखा। उन्होंने डिप्टी सीएमआरएस टीम द्वारा सुझाए गए सभी बिंदुओं का त्वरित पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक ने फिनिशिंग कार्यों में तेजी लाने, सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने तथा प्रत्येक स्थल पर पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों को नियमित मॉनीटरिंग बढ़ाने और ठेकेदारों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। मालवीय नगर चौराहे से शुरू हुए निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्टेशनों, अप्रोच मार्गों, यात्री सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। संचालन से जुड़े प्रबंधकीय पहलुओं का भी आकलन किया गया। वहीं परियोजना से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पैकेज आईएन-02, आईएन-03, आईएन-04, आईएन-05आर और आईएन-07 की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों के मुताबिक अब पूरा ध्यान जूनियर टीम द्वारा बताई खामियों को दूर करने पर है।


## समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

घोषणा

फार्म-4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | : | इंदौर |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 5. | सम्पादक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | पुष्पेंद्र पुष्प 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |

मैं पुष्पेंद्र पुष्प प्रकाशक, मुद्रक एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकृत जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

02 मार्च 2026

प्रकाशक के हस्ताक्षर
पुष्पेंद्र पुष्प

# बड़वानी जिले के जनजातीय बहुल ग्राम नागलवाड़ी में होगी कृषि केबिनेट

## मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्री-मंडल होगा शामिल

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कृषक कल्याण वर्ष में अनूठी पहल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश के अन्नदाताओं को आत्म-निर्भर बनाते हुए उनकी आय को दोगुना किया जाये। इसी क्रम में सोमवार 2 मार्च को जनजातीय बहुल जिले बड़वानी के नागलवाड़ी में किसान कल्याण वर्ष की पहली कृषि केबिनेट होने जा रही है। इस दिन नागलवाड़ी से ही सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। राज्य सरकार का मंत्री-मंडल पूरा दिन नागलवाड़ी में रहेगा, जहाँ कृषि केबिनेट सहित प्रबुद्धजन एवं किसानों के साथ संवाद होगा और कृषि एवं जनजातीय कल्याण पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।



लगभग 6 हजार की जनसंख्या वाला ग्राम नागलवाड़ी जनजातीय बहुल ग्राम है। यहाँ मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में होने वाली कृषि केबिनेट न केवल बड़वानी जिले अपितु पूरे निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए निर्णायक साबित होगी। नागलवाड़ी स्थित 800 वर्ष पुराना प्राचीन भिलट देव मंदिर जनजातीय आस्था में विशेष महत्व रखता है। कृषि केबिनेट के बाद पूरा मंत्री-मंडल इस मंदिर में दर्शन भी करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि केबिनेट के बाद किसानों और प्रबुद्धजन से संवाद भी करेंगे। संवाद के दौरान एक ओर प्रदेश एवं किसानों के हित में किये जा रहे कार्यों एवं योजनाओं को साझा किया जायेगा, वहीं क्षेत्र विकास के लिये किसानों एवं प्रबुद्धजन के विचारों और उनकी अपेक्षाओं को जाना जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय विकास और कृषि आधारित विकास प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं मंत्रि-परिषद के सदस्य जनजातीय समाज के जुलवानिया में आयोजित भगोरिया हाट की परम्परा में भी शामिल होंगे। केबिनेट के अलावा होने वाले सभी कार्यक्रमों में जनजातीय परम्परा की स्पष्ट झलक दिखाई देगी


# सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

## मप्र में होली पर 3 के बाद 4 मार्च को भी रहेगी छुट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश शासन ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों और सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। राज्य सरकार ने पहले से घोषित अवकाश में संशोधन करते हुए अब 4 मार्च 2026 (बुधवार) को भी सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित कर दिया है।**

मध्य प्रदेश में पहली बार किसी त्योहार को लेकर दो दिन सरकारी छुट्टी रहेगी। 29 दिसंबर 2025 को सरकार ने 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में तीन मार्च मंगलवार को होली का सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया था। चूंकि, होली मनाने को लेकर अलग-अलग राय है इसलिए कर्मचारी संगठनों ने चार मार्च का अवकाश घोषित किए जाने की मांग की थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रस्ताव भेजा। पूर्व में 29 दिसंबर 2025 की अधिसूचना के अनुसार केवल 3 मार्च 2026 (मंगलवार) को होली का अवकाश घोषित था। अब इसे संशोधित कर 4 मार्च 2026 (बुधवार) को भी छुट्टी का दिन तय किया गया है। यह अवकाश 'निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट



1881' की धारा 25 के अंतर्गत घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि यह सार्वजनिक और सामान्य अवकाश की श्रेणी में आएगा। यह संशोधित अधिसूचना मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से और आदेशानुसार सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव दिनेश कुमार मौर्य द्वारा 1 मार्च 2026 को जारी की गई है। शासन के इस निर्णय के बाद अब प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और बैंकों (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत) में बुधवार को भी अवकाश रहेगा । इस कदम से लोगों को होली का त्यौहार मनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और इसकी जानकारी समस्त विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु भेज दी गई है।

# बड़वानी हाट बाजार में धूमधाम से मनाया गया भगोरिया महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी। बड़वानी के ऐतिहासिक हाट बाजार में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक भगोरिया महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक श्री राजेंद्र मंडलोई एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री राकेश जाधव की विशेष उपस्थिति रही।**

महोत्सव के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों ने मांदल और ढोल की थाप पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। रंग-बिरंगे गुलाल, पारंपरिक आभूषण और लोकगीतों की मधुर धुनों ने पूरे हाट बाजार को जीवंत कर दिया।

### भगोरिया का महत्व

भगोरिया महोत्सव मुख्यतः निमाड़ अंचल में होली से पूर्व मनाया जाने वाला प्रमुख आदिवासी पर्व है। यह उत्सव विशेष रूप से भील और भिलाला समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। परंपरा के अनुसार, इस अवसर पर युवक-युवतियां एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपने जीवनसाथी का चयन करते हैं। यह पर्व सामाजिक समरसता, प्रेम, आपसी विश्वास और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।





विधायक श्री राजेंद्र मंडलोई ने अपने संबोधन में कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं श्री राकेश जाधव ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी परंपराएं सशक्त होती हैं और समाज में भाईचारा बढ़ता है।

महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए गए थे।

इस अवसर पर बड़वानी हाट बाजार रंग, उमंग और परंपरा के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जिसने आदिवासी संस्कृति की जीवंतता और गौरव को पुनः स्थापित किया।

**एमआरपी प्रबंध संपादक**
**डीजीआर ग्रुप**

# चांदी ने बिगाड़ा भगोरिया का बजट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** पश्चिमी मध्य प्रदेश के भील, भिलाला और बारेला आदिवासी समुदायों में चांदी केवल धातु नहीं, बल्कि पहचान, परंपरा और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक रही है। पीढ़ियों से इन समुदायों ने सोने की बजाय चांदी को प्राथमिकता दी है। हालांकि इस वर्ष चांदी की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी ने भगोरिया जैसे पारंपरिक त्योहार की रौनक को फीका कर दिया। तिवारिया बाजार, जो भगोरिया से लगभग एक सप्ताह पहले लगते हैं, आदिवासी समाज के लिए विशेष महत्व रखते हैं। इन्हीं बाजारों में वे पारंपरिक गहने, कपड़े, बर्तन और अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीदते हैं। लेकिन इस बार बाजारों में वह उत्साह दिखाई नहीं दिया, जो पहले हुआ करता था।

**इजराइल-ईरान जंग**

# मप्र के 100 से ज्यादा लोग दुबई में फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। हमले के बाद दुबई के सभी एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गई हैं।

इजराइल-ईरान जंग का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा है। दुबई के शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-256 रद्द हो गई है। कल की फ्लाइट IX255 (IDR–SHJ) और IX256 (SHJ–IDR) भी कैंसिल कर दी गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा यात्री दुबई और शारजाह एयरपोर्ट पर फंस गए हैं।



जानकारी के मुताबिक, शारजाह से इंदौर के लिए फ्लाइट UAE टाइम के हिसाब से दोपहर 12:20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी मिनट में कैंसल कर दी गई। पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पहुंचने पर इस बारे में पता चला। कई पैसेंजर्स पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। शारजाह से इंदौर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स तय थीं। वे भी वहीं फंसे हुए हैं। फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी हैं। कई यात्री छुट्टियां मनाने या पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने गए थे, लेकिन अब वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एक यात्री ने बताया कि वे आठ घंटे से अधिक समय से शारजाह एयरपोर्ट पर बैठे हैं, लेकिन एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। होटल बुकिंग की अवधि खत्म हो चुकी है। खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है। बच्चों को संभालना मुश्किल हो गया है।

## संपादकीय

# खाड़ी में युद्ध की आहट: संयम की सलाह और कूटनीति का नया दांव

सऊदी अरब के सीनियर अधिकारियों ने इजरायल और अमेरिका ने जिस तरह से ईरान पर हमला किया है उसको लेकर गुस्सा जताया है। सऊदी अरब किंगडम ने अपने खाड़ी के साथियों से कहा है कि वे ऐसे कोई भी कदम न उठाएं जिससे तेहरान या उसके प्रॉक्सी जवाब दें और यह इलाका एक बड़े झगड़े की ओर बढ़ जाए। सऊदी अरब की तरफ से ऐसा उस वक्त कहा गया है जब एक दिन पहले वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि ईरान पर हमला करने के लिए सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डोनाल्ड ट्रंप पर प्रेशर बनाया था। ऐसे में माना जा रहा है कि सऊदी अरब पोल खुलने के बाद मुंह बचाने की कोशिश कर रहा है। मिडिल ईस्ट आई ने दो खाड़ी अरब सूत्रों के हवाले से बताया है कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को बहरीन, कुवैत, कतर और यूनाइटेड अरब अमीरात के नेताओं को यह संदेश भेजा है कि ईरान से तनाव भड़कने ना दिया जाए। यह मैसेज सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय की तरफ से अरब पेनिनसुला में ईरान के जवाबी हमलों की आधिकारिक निंदा करने के तुरंत बाद दिया गया। सूत्रों ने कहा है कि बातचीत छोटी थी लेकिन इस बात पर आम सहमति बन रही थी कि ईरान के जवाबी हमले उम्मीद से कम क्षमता वाले थे और खाड़ी देशों को कोई भी सीधी कार्रवाई करने से बचना चाहिए जिससे तेहरान की तरफ से गुस्से वाला जवाब मिल सके। मिडिल ईस्ट आई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि जब सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्ला ने अपने इलाके के समकक्षों के साथ बात की तो उन्होंने ईरान को लेकर संयम बरतने की सलाह दी है। ये कॉल तनाव कम करने और छह गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल देशों (GCC) की फॉरेन पॉलिसी को एक करने पर फोकस थीं ताकि कोई भी देश ईरान पर जवाबी पलटवार ना करे जिससे क्षेत्रीय स्थिति और खतरनाक मोड़ पर पहुंच जाए। सूत्रों ने ये भी बताया है कि मोहम्मद बिन सलमान ने UAE के प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद से टेलीफोन पर बात की है। जबकि पिछले कुछ महीने से दोनों देशों के संबंध काफी खराब हो गये थे। दोनों नेताओं के बीच नाराजगी थी। फिर भी दोनों नेताओं ने बात की है। इससे पता चलता है कि ईरान पर अमेरिकी हमले ने कैसे मिडिल ईस्ट को हिलाकर रख दिया है। सूत्रों ने कहा कि रियाद को US-इजरायली हमलों के बारे में पहले ही बता दिया गया था लेकिन UAE के साथ अपने डिप्लोमैटिक झगड़े को लेकर वॉशिंगटन में आलोचना झेल रहे किंगडम ने वाइट हाउस में हमले का विरोध नहीं किया। मिडिल ईस्ट आई ने एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया है कि ईरान पर हमला नहीं करने की मांग को वाइट हाउस ने इलाके में अपने साथियों की अपील को असरदार तरीके से खारिज कर दिया था। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी, जो ईरान के साथ लड़ाई रोकने के मकसद से बातचीत में एक अहम खिलाड़ी थे, उन्होंने तुरंत हमलों पर अपनी 'नाराजगी' जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि 'इजरायल ने अमेरिका को युद्ध में फंसाया है।' जबकि शुक्रवार को लड़ाई शुरू होने से कुछ घंटे पहले अल-बुसैदी ने बातचीत में हुई तरक्की को बढ़ा-चढ़ाकर बताया था। वहीं गल्फ के एक सोर्स जिन्हें शनिवार को बिन सलमान के अरब देशों के फोन कॉल्स के बारे में जानकारी थी, उन्होंने MEE को बताया कि किंगडम हमले को हैंडल करने के तरीके से 'बहुत परेशान' था। सोर्स ने कहा कि सऊदी का मानना था कि ईरान के खिलाफ गल्फ देशों में से किसी एक का कोई भी सैन्य तौर पर शामिल होना यमन के हूतियों को लड़ाई में घसीट सकता है। सोर्स ने हूतियों का जिक्र करते हुए कहा कि 'अब हमारा सबसे बड़ा डर यह है कि लड़ाई में बढ़ोतरी का इस्तेमाल तेहरान अपने प्रॉक्सी नेटवर्क को शुरू करने के बहाने के तौर पर करेगा।'

## सैर-सपाटा

# चोपता : उत्तराखंड का 'मिनी स्विट्ज़रलैंड'

## जानिए क्यों है ये प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद

चोपता को लोग 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने के बाद ऐसा लगता है कि जैसे वक्त थोड़ी देर के लिए थम गया है। यही कारण है कि नेचर फोटोग्राफी, सुकून और पहाड़ों से प्यार करने वाले लोगों के लिए चोपता एक परफेक्ट जगह है।



**भारत में घूमने-फिरने के लिए कई जगहें मौजूद हैं। किसी को हिल स्टेशन पसंद है, तो किसी को बीच पर चिल करना अच्छा लगता है। सर्दी हो या गर्मी पहाड़ों पर तो आपको हमेशा ही भीड़ देखने को मिलेगी। उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है, जहां पर घूमने के लिए आपको कई शानदार जगहें मिल जाएंगी। उत्तराखंड का चोपता नेचर लवर्स के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। चोपता की खूबसूरती देखने लायक होती है। चोपता को लोग 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने के बाद ऐसा लगता है कि जैसे वक्त थोड़ी देर के लिए थम गया है। यही कारण है कि नेचर फोटोग्राफी, सुकून और पहाड़ों से प्यार करने वाले लोगों के लिए चोपता एक परफेक्ट जगह है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चोपता को नेचर लवर्स पैराडाइज क्यों कहा जाता है।**

### जानिए कहां है चोपता

चोपता उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। केदारनाथ से करीब 80 किमी दूरी पर स्थित है। औली से इसकी दूरी करीब 148 किमी है। यहां जाने का रास्ता बेहद खूबसूरत है। कोई भी इस रास्ते से जाता है, तो यहां की वादियों में खो जाता है।

### एडवेंचर लवर्स के लिए है बेहद खास

चोपता, केदारनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का हिस्सा है। यहां पर आप दोस्तों के साथ कैंपिंग कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए आपको फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से परमिशन लेना जरूरी है। यही जगह तुंगनाथ ट्रेक की शुरूआत भी मानी जाती है। तुंगनाथ दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर है। इसके आगे चंद्रशिला ट्रेक है, जोकि करीब 4000 मीटर की ऊंचाई पर है। आप यहां से सनराइज और सनसेट का नजारा देख सकते हैं।

### नेचुरल ब्यूटी

बता दें कि चोपता की सबसे बड़ी पहचान यहां के हरे-भरे घास के मैदान हैं। इसको बुग्याल कहा जाता है अगर आप यहां आते हैं तो चरवाहे अपने भेड़ों के साथ नजर आएंगे। हरियाली, खुला आसमान और शांति यहां पर आपको जन्नत का एहसास कराएगी।

### शानदार नजारा

चोपता से हिमालय की कई खूबसूरत चोटियां साफ नजर आती हैं। यहाँ से आप नंदा देवी, नीलकंठ, त्रिशूल, गणेश पर्वत और नीलकंठ जैसी कई चोटियों के दर्शन कर सकती हैं। जब सुबह के समय धूप निकलती है, तो इन चोटियों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है।

### वाइल्डलाइफ और बर्ड लवर्स के लिए स्वर्ग

अगर आप भी 'वाइल्ड लाइफ लवर्स' हैं, तो चोपता आपके लिए एकदम सही जगह है। आपको यहां पर तेंदुए देखने को मिलेंगे। वहीं गांव के कुत्तों के गले में खास तरह के कॉलर लगाए जाते हैं। जिससे कि उनकी सुरक्षा हो सके। बर्ड लवर्स के लिए भी चोपता सही है। यहां पर आपको 240 से अधिक पक्षी देखने को मिलेंगे।

### चोपता घूमने का समय

चोपता जाने के लिए आप अप्रैल से लेकर जून और सितंबर से लेकर नवंबर का समय सबसे अच्छा माना जाता है। मानसून में यहां लैंडस्लाइड का खतरा होता है।

New Delhi

# ईरान युद्ध का भारत पर सीधा असर, सैकड़ों फ्लाइट्स रद्द और नागरिक फंसे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मध्य एशिया में युद्ध की स्थितियों का बड़ा असर भारत पर भी पड़ रहा है। युद्ध का तत्काल परिणाम अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर देखने को मिल रहा है। रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट से सैकड़ों फ्लाइट कैंसल कर दी गईं। ऐसे में एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई। विमान सेवाएं कैंसल होने के बाद लोग वैकल्पिक रास्ते से यात्रा करने के लिए टिकट काउंटर पर खड़े नजर आए। वहीं दुबई में भारत के सैकड़ों लोगों के फंसे होने की खबर है। पुणे के एक संस्थान के 64 छात्र भी दुबई में फंस गए थे। वे शैक्षिक यात्रा पर दुबई गए थे।

रविवार शाम तक यहां से करीब 100 उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। इनमें 62 फ्लाइट आने वाली और 42 रवाना होने वाली थी। एयरलाइन्स यात्रियों को पहले ही संदेश भेजकर इसकी सूचना दे रही हैं ताकि एयरपोर्ट पर भीड़ ना लगे और यात्री परेशान ना हों। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी के बीच घरेलू विमान सेवाएं भी बाधित हो रही हैं।



इस युद्ध की वजह से ना केवल खाड़ी देशों की विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं बल्कि यूरोपीय देशों का जाने वाली कई फ्लाइट भी कैंसल कर दी गई हैं। हालांकि एयर इंडिया ने कहा है कि सोमवार से विमान सेवाएं फिर से शुरू होंगी। उत्तरी अमेरिका और यूरोप की उसकी सिर्फ छह उड़ानें रद्द रहेंगी। अन्य उड़ानों का मार्ग बदलकर उन्हें पश्चिम एशिया में वर्तमान में उपलब्ध हवाई क्षेत्र से होकर गुजारा जायेगा।

New Delhi

## कोख में बच्चा, 3 बेटियां और पत्नी, बीवी को लेकर दी गई उस धमकी के बाद काट दिया सबका गला



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में गर्भवती पत्नी और तीन बेटियों का गला काट देने वाले मुनचुन केवट ने गिरफ्तारी के बाद कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि किस तरह वह क्रिकेट और अन्य खेलों पर सट्टेबाजी की वजह से भारी कर्ज में आ गया था। इसे चुकाने के लिए उधार लिया और उसमें से भी एक लाख सट्टेबाजी में गंवा बैठा। फिर जब वसूली के लिए एक कॉल आया तो कथित तौर पर उसे कुछ ऐसी बातें कहीं गईं जिसके बाद उसने सबको खत्म कर देने का फैसला कर लिया। इस फोन कॉल के कुछ देर बाद ही वह 90 रुपये में कटलहल काटने वाला चाकू भी खरीदकर ले आया, जिससे पूरे परिवार की गर्दन, सांस नली तक काट डाली। वह सिरसपुर के चंदन पार्क में किराये के एक कमरे में 3 बेटियों और पत्नी संग रहने वाला मुनचुन मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। वह आजादपुर मंडी में सब्जी बेचने का काम करता था। वह जुए और सट्टेबाजी की लत में आ चुका था। वह क्रिकेट मैचों और अन्य खेलों पर ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी करता था। सट्टेबाजी में उसे काफी घाटा हो चुका था जिसकी वजह से भारी भरकम कर्ज में था। जांचकर्ताओं के अनुसार, मुनचुन ने पूछताछ के दौरान बताया कि पिछले महीने उसने ससुरालवालों से 2 लाख रुपये उधार लिए।

Uttarpradesh

## संपत्ति के लिए बेटे ने खेला खूनी खेल, माता-पिता, दादी और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बहराइच, (एजेंसी)** यूपी के बहराइच में रविवार की आधी रात करीब 1:30 बजे पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। संपत्ति के मामले को लेकर शुरू हुई कहासुनी में बेटे ने कुल्हाड़ी से हमला करके माता-पिता, दादी और बहन को मौत के घाट उतार दिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे बड़े भाई ने विरोध किया तो उस पर भी छोटे भाई ने हमला कर कर दिया। इससे वह भी घायल हो गया। संघर्ष में हमलावर भाई भी घायल हुआ है। घटना रुपईडीहा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव की है। ग्रामीणों की सूचना पर, चौकी प्रभारी बाबागंज शिवेश कुमार शुक्ला व 112 पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चरदा भेजा। वहां चिकित्सकों ने दादी शीतला देवी (82), पिता बदलूराम (62), मां संजू देवी (60) तथा बहन पार्वती (35) के मृत होने की पुष्टि की। वहीं हमले में गंभीर रूप से घायल गुरुदेव (33) तथा निरंकार (27) को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

Jammu & Kashmir

## खामेनेई की मौत पर प्रदर्शन के बाद कश्मीर में सख्ती: लाल चौक सील, स्कूल बंद, घंटाघर इलाके में पाबंदियां लागू

**जम्मू, (एजेंसी)** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की हमले में मौत से आक्रोशित लोगों ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तस्वीरें, पोस्टर, बैनर और ईरानी झंडे लेकर अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ प्रदर्शन किया। रविवार को कारगिल-द्रास में बड़ी संख्या में शिया व सुन्नी दोनों समुदाय के लोग प्रदर्शन में शामिल हुए।जम्मू-कश्मीर में शिया समुदाय के बड़े धार्मिक संगठन अंजुमन-ए-शरी शियान ने प्रदेश में 40 दिन के शोक का एलान किया है। श्रीनगर में लाल चौक पर शिया समुदाय के हजारों लोग इकट्ठा हो गए। यहां शाम तक प्रदर्शन, शोक सभा और अजादारी होती रही। वहीं, अब प्रदर्शनों के चलते कश्मीर के कुछ हिस्सों में कई पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। रविवार को लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। विरोध को रोकने के लिए लाल चौक इलाके को प्रशासन ने सील कर दिया है। घंटाघर (क्लॉक टॉवर) के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई हैं।



खेल

### खिताब से दो कदम दूर भारत

## लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगा सामना

कोलकाता। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने सारे समीकरण ध्वस्त करते हुए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत इस टूर्नामेंट के इतिहास में कुल छह और लगातार तीन बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। भारत का सामना अब पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा। ऐसा नहीं है कि दोनों टीमें इससे पहले सेमीफाइनल में नहीं भिड़ी हैं। यह लगातार तीसरी बार होगा जब भारत और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे।

भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत अगर वेस्टइंडीज को हरा सका तो इसके पीछे सबसे बड़ा योगदान सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का है जिन्होंने रविवार को दमदार पारी खेली। भारत के लिए सैमसन ने एक छोर से मोर्चा संभाले रखा और अंत तक टिके रहे। कोलकाता के ईडन गार्डेंस में



रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन की नाबाद 97 रनों की विस्फोटक पारी की मदद से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय टीम अब सेमीफाइनल मुकाबले के लिए मुंबई जाएगा जहां पांच मार्च को वानखेड़े पर सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वानखेड़े स्टेडियम पर भारत और इंग्लैंड के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमें इस स्टेडियम में कुल दो बार टी20 में आमने-सामने हुई हैं। दिलचस्प बात है कि एक मैच भारत ने जीता है, जबकि एक मैच इंग्लैंड अपने नाम करने में सफल रहा है। यानी इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने मिल सकता है।

भारतीय टीम टी20 विश्व कप में इतिहास रचने के करीब पहुंच गई है।

टी20 विश्व कप 2026 भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित हो रहा है। श्रीलंका का सफर थम गया है, लेकिन एशिया से भारत एकमात्र टीम है जो खिताब की दौड़ में बनी हुई है।

अब तक कोई भी टीम खिताब का बचाव नहीं कर सकी है और भारत के पास ऐसा करने का मौका है।

इतना ही नहीं, किसी भी मेजबान टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब अपने घरेलू जमीन पर नहीं जीता है। भारत ऐसा करने से दो कदम दूर है।


भारत ने दो बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है और उसके पास तीसरी ट्रॉफी अपने नाम कर सर्वाधिक बार टी20 विश्व कप का विजेता बनने का मौका है।

सेमीफाइनल में कैसा है दोनों टीमों का रिकॉर्ड

भारत और इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में तीसरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। इससे पहले दोनों टीमें 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भिड़ी थीं।

सिनेमा

## उनके पास यश चोपड़ा थे...सुनील शेट्टी ने बताया शाहरुख खान के स्टारडम का राज, बोले-वो जो सम्मान देते...



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान का स्टारडम सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि ग्लोबली फैला हुआ है। पिछले करीब 35 सालों से एक्टर अपनी ऑडियंस को एंटरटेन करते आ रहे हैं। एक्टर की फैन फॉलोइंग में उनके साथी एक्टर्स भी शामिल हैं। हाल में सुनील शेट्टी ने शाहरुख खान की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी जगह कोई दूसरा एक्टर नहीं ले पाएगा। साथ ही ये भी कि एक्टर जिस स्टारडम को एन्जॉय कर रहे हैं वहां तक पहुंचने में उनकी कड़ी मेहनत है। बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल में शाहरुख खान के स्टारडम पर खुलकर बात की है। सुनील हाल में राज शमानी के पॉडकास्ट पर पहुंचे थे। इस दौरान जब सुनील शेट्टी से पूछा गया कि कोई दूसरा एक्टर उस स्टारडम तक क्यों नहीं पहुंच पाया जहां शाहरुख खान हैं। इसके जवाब में सुनील ने कहा, 'क्योंकि उनके पास म्यूजिक था। भारत में म्यूजिक बहुत मैटर करता है। उनके पास यश जी (यश चोपड़ा) और बेस्ट गाने थे। उनकी अपने काम के लिए कमिटमेंट। वो खुद को हर समय गढ़ते हैं, खुद पर काम करते रहते हैं। उनकी शालीनता शानदार है। वो जो सम्मान देते हैं और उम्मीद करते हैं वो सच में तारीफ के काबिल है। जो वहां हमेशा होते हैं जहां उनकी जरूरत होती है'।

## Highlights

1. Trump warns of possible US casualties after Iran strikes
2. Traffic island to go at Nanthoor Junction in Mangaluru
3. Kundapur trek turns tragic as woman drowns near Hosangadi
4. PM Modi chairs high-level security meeting at his residence amid war in Middle East
5. Srinagar's Lal Chowk sealed amid protests against Khamenei's killing

# Rupee falls to one-month low vs US dollar as Iran war jolts markets



**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian rupee slid to its weakest level in a month and local stocks slumped on Monday as the Iran war hurt risk assets and lifted oil prices, compounding worries for India which relies on the Middle East for a substantial part of its energy imports.

The rupee fell 0.3% to 91.2350, its weakest level since early February, while benchmark stock indexes Nifty 50 and BSE Sensex were down about 1% each.

The U.S. and Israel launched strikes on Iran over the weekend. The military action resulted in the death of Iran's Supreme Leader and sparked a wave of retaliation across the region from the country, raising the risk of protracted conflict in the Middle East.

Asian equities and currencies fell in response as investors dashed towards safe havens, looking to assess how a rise in oil prices could impact economies in the region. Brent crude oil futures were last up nearly 6% on the day, after touching a peak of $82 per barrel in earlier trade. "Higher oil prices present a compounded risk on top of the weak capital flows which have already been weighing on the rupee," said Dhiraj Nim, an economist and FX strategist at ANZ. The Middle East region caters to a little over half of India's crude oil supplies and analysts warn that a prolonged conflict in the region could create macro-economic spillovers across the globe.

Indian government bonds were under pressure on Monday as well, with the yield on the 10-year benchmark note up 3 bps at 6.6901%.

"If oil prices remain elevated for a while, they could raise troubles for Indian government bonds as well which have already been struggling with concerns over elevated fiscal supply," ANZ's Nim said.

Two traders at Mumbai-based banks said that price action indicated that the Reserve Bank of India was likely active in the non-deliverable forwards market while foreign banks were spotted offering spot dollars, offering some support to the rupee.

# Three crude oil tankers attacked in Strait of Hormuz as Iran war spreads

**NEW DEIHI, (Agency).** Three ships were reportedly attacked near the mouth of the Persian Gulf, amid signs that tanker traffic through the vital Strait of Hormuz oil-and-gas chokepoint is halting because of conflict in the region.

Iran said it doesn't intend to shut the waterway, just a day after ships in the area heard radio broadcasts stating that transit through Strait of Hormuz was banned.



Vessels began avoiding Hormuz almost as soon as the conflict began on Saturday, with some of them U-turning and others simply stopping before entry. Now, digital signals indicate that oil-tanker traffic through the waterway may have all-but halted. For traders, what happens there is vital because it handles about a fifth of the world's seaborne oil and a similar proportion of liquefied natural gas.

While Iran's Foreign Minister Abbas Araghchi said his country has no intention of shutting Strait of Hormuz, there are clear signs that tanker companies are staying away.

# यात्रियों से भरी बस नशे में चला रहा था ड्राइवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में देर रात चलाए गए विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक यात्री बस को रोककर बड़ी लापरवाही का खुलासा किया। बस ड्रायवर और क्लीनर शराब के नशे में यात्रियों की जान जोखिम में डालकर वाहन चला रहा थे। पुलिस ने ड्रायवर और वाहन मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर बस जब्त कर ली है।**



थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल 28 फरवरी शनिवार रात करीब 1 बजे रसोमा चौराहा क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। तभी बस नंबर MP09FA6155 को सदेंह होने पर उन्होने रूकवाया। ड्रायवर राधेश्याम (45), निवासी देवास का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया गया। इसमें 78.9 mg/100 ml अल्कोहल पाया गया, जो तय सीमा से काफी ज्यादा है। उस समय बस में यात्री भी सवार थे, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा था। टीआई ने इस दौरान डॉक्यूमेंट मांगे जिसमें बस का वैध परमिट नहीं मिला। पूछताछ में सामने आया कि वाहन स्वामी द्वारा जानबूझकर बिना परमिट बस का संचालन कराया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने ड्रायवर और वाहन स्वामी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 66/192(क), 5/180, 130/177(2), 36/177, 38/177 व 207 के तहत केस दर्ज किया है। बस को जब्त कर लिया है। परमिट को लेकर आरटीओ अफसरों को जानकारी दी गई है।

# मांस से भरी गाड़ी पकड़ी, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राऊ इलाके में एबी रोड पर रविवार को पुलिस ने मवेशी के मांस से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। सूचना मिलते ही मौके पर काफी संख्या में बजरंग दल के लोग जमा हो गए और उन्होंने हंगामा किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर थाने भिजवा दिया।**

राऊ पुलिस के मुताबिक पकड़े गए ड्राइवर जमील मांस को चंदन नगर से बंबई बाजार ले जा रहा था। जांच के दौरान उसके पास से केटोमेंट (परिवहन/काटने से संबंधित) की रसीदें भी मिली हैं। हालांकि पुलिस अभी मामले में जांच कर रही है। मामले की पुष्टि के लिए मांस के सैंपल जांच हेतु वेटनरी डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मांस किस प्रकार का है और आगे क्या कार्रवाई होगी। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही मांस के स्रोत और परिवहन की वैधता को लेकर जांच की जा रही है।

# मशीन ने ली 20 साल के मजदूर की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र के नेमावर रोड स्थित वेयरहाउस में काम कर रहे 20 साल के मजदूर की सीएनसी मशीन में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। मामले में पुलिस शनिवार को फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मृतक लखन अहिरवार (20) निवासी सतरवास, जिला ललितपुर (उप्र) हाल बाबूलाल नगर, पालदा इंदौर में रहकर काम करता था। घटना 3 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2:10 बजे पितरेश्वर वेयर हाउस, पालदा में हुई। उसे मृत अवस्था में ही एमवायएच लेकर आया गया था। लखन वेयरहाउस में लगी लेजर कटिंग (सीएनसी) मशीन ऑपरेट कर रहा था। इसी दौरान वह मशीन और उसके पिलर के बीच फंस गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मजदूर को काम के दौरान जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। मामले में फैक्ट्री संचालक नरेन्द्र जैन (60) निवासी वैभव नगर, कनाड़िया रोड के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस 2023 के तहत केस दर्ज किया है। नरेश मैकेनिकल वर्क्स के नाम से संचालित होती है।

# बदमाशों ने ट्रेवलर के कांच तोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चेतन स्कूल के पास खड़ी एक ट्रेवलर गाड़ी के कांच बदमाशों ने चकनाचूर कर दिए। मामला रामानंद नगर में शनिवार रात करीब 2 बजे का है। गाड़ी मालिक जितेंद्र धारवा घर में सो रहे थे, तभी अचानक तेज आवाज से नींद खुली। बाहर आकर देखा तो ट्रेवलर के कांच टूटे पड़े थे। आसपास के लोग भी आवाज सुनकर घरों से बाहर निकल आए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।**

हैरानी की बात यह है कि बदमाशों ने 5 दिन पहले भी जितेंद्र की टवेरा कार के कांच फोड़े थे। छत्रीपुरा, एरोड्रम और चंदन नगर इलाके में बदमाशों ने एक के बाद एक करीब दर्जनभर गाड़ियों के कांच तोड़ दिए थे। उस मामले में पुलिस ने ध्रुव और सावन नाम के आरोपियों को पकड़ा था। कार्रवाई के बाद लोगों ने अफसरों का स्वागत कराया था। इस बार पुलिस के हाथ अभी तक कोई ठोस CCTV फुटेज नहीं लगे हैं। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि बदमाश नशे में वारदात कर रहे हैं। लगातार हो रही घटनाओं ने रहवासियों में डर का माहौल बना दिया है। सवाल उठ रहा है कि जब पहले आरोपी पकड़े जा चुके है फिर वारदात हो गई। उन्होने पुलिस से सख्त कारवाई की मांग की है।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...
प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो ?
फूलो की सेज पर कुछ काँटे हों ?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो ?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9826044334
9826044334
7312433667
" संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं "

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक